तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 18.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 जनवरी 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



13 संगम सेवा समिति ने निकाली भव्य बाइक रैली...





14 मड़ई मेला और भक्त गुहा जयंती समारोह में शामिल..




## खबर संक्षेप



### 50 लीटर महुआ शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद**। शराब के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सरायपाली पुलिस ने 50 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामले में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस को मुखबिर सूचना मिली थी कि ग्राम तोरेसिंहा सुरंगी नाला के पास दो लोग एक बिना नंबर हीरो एचएफ डीलक्स काले रंग के मोटरसाइकिल में देशी महुआ शराब रखकर बिक्री के लिए परिवहन कर ग्राम खपरीडीह से तोरेसिंहा की ओर आने वाले हैं। इसी बीच जब ये लोग बाइक के जरिए वहां से गुजरे तो उन्हें रोककर उनसे पूछताछ की गई। तब इन्होंने अपने नाम राजेश कुमार दीप पिता लिंगराज दीप (27 वर्ष), अनुज कुमार भोई पिता मनोहर भाई (33 वर्ष) निवासी ग्राम कोटद्वारी थाना बलौदा जिला महासमुंद का होना बताएं। इन लगों के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर 50 लीटर महुआ शराब कीमत 10000 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर काले रंग की पुरानी हीरो होंडा कीमत 40,000 हजार रुपए कुल 50000 के सामान को जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ 34(2 ) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### दो प्रकरण में 55 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। बसना पुलिस ने शराब बिक्री के दो मामलों में 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही लीटर शराब जब्त किया गया है। पहले मामले में पुलिस ने भस्करापाली से ग्राम पिरदा की ओर अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन करते आरोपी वंजीत चौहान पिता सुंदर सिंग चौहान (22 साल),. रंजीत चौहान पिता सुंदर सिंग चौहान (26 साल) दोनों निवासी भस्करापाली थाना बसना जिला महासमुंद को घेराबंदी कर तालाब के पास ग्राम पिरदा में पकड़ा गया। इनके कब्जे से कुल 20 लीटर महुआ शराब कीमत 4000 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त बाइक कीमत 70,000 रुपए को जब्त किया गया।,

इसी तरह दूसरे मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब परिवहन करते आरोपी सरोज भास्कर पिता रूकमण भास्कर (18 वर्ष 07 माह) निवासी बेल्डीह थाना बसना जिला महासमुंद को सिंघनपुर चौक में पकड़ा। जिसके कब्जे से कुल 35 लीटर हाथ भठ्ठी निर्मित महुआ शराब, कीमत 7000 रुपए. बिना नंबर की स्कूटी कीमत 70,000, मोबाइल, नगदी रकम 500 रुपए, कुल 82,500 रुपए का सामान जब्त किया गया। इन दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# राममय हुआ जिला, श्रीराम की आरती पश्चात लाइव देखी गई प्राण प्रतिष्ठा

## अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हजारों लोग, नागरिक झूमते रहे श्रीराम भजन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अयोध्या में श्री राम लला के प्राण

- जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, एसपी सहित नागरिक रहे मौजूद

प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पल में नगरवासी साक्षी बने। स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सपत्नीक भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर जिलेवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

स्थानीय कचहरी चौक के हनुमान मंदिर में पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा सहित कलेक्टर प्रभात मलिक, एसपी राजेश कुकरेजा, वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं शहर के श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर जिले के उत्कृष्ट 5 रामायण मंडलियों द्वारा भक्तिमय राम भजन की प्रस्तुति की गई। प्रस्तुति के पश्चात विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा शॉल और फल देकर सम्मानित किया गया। लाइव प्रसारण देखने अतिथिगण एवं भारी संख्या में नागरिकगण शामिल हुए।





इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, पूर्व युवा आयोग के सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, दिग्विजय साहू, सतपाल सिंह पाली, प्रकाश शर्मा, नीलम दीवान, मुन्ना साहू, राजेंद्र साहू, निरंजना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### ब्लाक मुख्यालयों में भी हुए आयोजन

जिले के सभी विकासखंडों के प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां अयोध्या से हुए लाइव प्रसारण को देखा गया तथा स्थानीय रामायण मंडली द्वारा रामायण की भक्तिमय प्रस्तुति की गई। प्रशासन द्वारा प्रमुख मंदिरों में लाइव प्रसारण देखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई थी। महासमुंद विकासखंड के ग्राम खैरझिटी, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत खल्लारी मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तरह शहर एवं गांव के राम मंदिर समितियों द्वारा भी राम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिर प्रांगणों में आज सुबह से ही साफ-सफाई की गई। विधायक राजू सिन्हा ने साफ-सफाई की। इसके अलावा मंदिरों में विशेष रंगोली चित्रित किया गया। मंदिरों में भोज भंडारा, विशेष पूजा अर्चना की गई। इसी तरह शाम को दीपदान और दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## रामोत्सव : शहर हुआ राममय, भक्तों में उत्साह देखते ही बन रहा

# अयोध्या सा रोशन हुआ शहर, चलता रहा शोभायात्रा, अनुष्ठान व दीपोत्सव का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

500 बरस की लंबी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या

- गांव से शहरों तक गूंजा जय श्री राम का नारा, राम मय होने उमड़ा जन सैलाब, मंदिरों में अनुष्ठान घरों में दीपोत्सव, राम की भक्ति में डूबे जिले वासी

में 22 जनवरी को मंदिर में राम लला के विराजमान होने की खुशी से शहर सहित पूरा जिला राममय रहा। यह पहला अवसर है जब पूरे देश के साथ जिले में भी दीपावली जैसा उत्सव मनाया गया। एक तरफ जहां शोभायात्रा में भगवा वस्त्र पहनकर जय श्रीराम के जयकारे लगाते महिला, पुरुष, युवा चले रहे थे। वहीं हर चौक-चौराहे पर गूंजते भक्ति संगीत के साथ भोग, भंडारा होता रहा। शोभायात्रा, सुंदरकांड का पाठ, रामायण गान, संकीर्तन.. से पूरा वातावरण राममय हो गया है। शहर का शायद ऐसा कोई मोहल्ला नहीं जहां रामनाम की भक्ति संगीत से गुंजायमान न हो रहा हो। राम लला की मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री राम के स्वागत की तैयारी में तोरण, भगवा ध्वज, बंदनवार, आंगन में सजी रंगोली, मंदिरों में यज्ञ, हवन, रामायण पाठ जिला मुख्यालय सहित जिले में अयोध्या उतर आया।



### सोशल मीडिया में रामनाम की बयार


राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोशल मीडिया में सबसे ज्यादा क्रेज रहा। रिंग टोन से लेकर शार्ट वीडियो और भगवान श्रीराम के सुंदर तस्वीरों के साथ एक दूसरे को शेयर कर रहे हैं। युवाओं के बीच सबसे ज्यादा सोशल मीडिया में श्रीराम के जयकारे गूंज रहे हैं।



### जगह-जगह भोग भंडारा

जिला मुख्यालय सहित अन्य शहरों एवं गांवों में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद जगह-जगह पर भोग भंडारा का आयोजन किया गया। शहर के नेहरू चौक में जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा भोग भंडारा एवं जागरूक मंच द्वारा हलवा, गुजराती समाज द्वारा हलवा एवं श्री राम केयर क्लीनिक द्वारा पूरी और सब्जी, हनुमान मंदिर के सामने प्रभात फेरी भजन मंडली द्वारा स्वल्पाहार, स्वामी चौक में युवा मंच द्वारा खीर व पुरी सहित श्री हनुमान मंदिर कचहरी चौक में अनवरत भंडारा का आयोजन किया गया।

### सार्वजनिक जगहों पर जले 25 हजार दीये



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर हर घर में दीप जलाएं गए। वहीं, मंदिरों के अलावा सार्वजनिक जगहों पर विभिन्न समितियों द्वारा दीपोत्सव मनाया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय के ग्राम खैरा से खरोरा तक फैले सड़क डिवाईडर में करीब 15 हजार दीप जलाएं गए। इसके अलावा हिंदू नववर्ष उत्सव समिति द्वारा हाई स्कूल प्रागंण में 5100 दीप जलाए गए। वहीं, रेलवे स्टेशन मार्ग डिवाईडर में 3000 दीप प्रज्जवलित किए गए। बसना शहर में भी 1008 दीप जलाए गए।

### पताका, तोरण और भगवा कपड़ों की खूब खरीदारी

श्रीरामलला की अयोध्या में भव्य मंदिर और उनकी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहरवासियों में अलग ही उमंग, उत्साह और आस्था है। ऐसा लग रहा है मानो कि राम जी उनके ही घरों में आने वाले हों। बाजारों में लोग पताका, तोरण, पटाखा और सजावट सामग्री की खूब खरीदारी किए। फूलों की जो डिमांड दिवाली त्योहार पर होती है, वैसी ही डिमांड इस दिन के लिए रहीं। भगवा रंग के कपड़े खरीदने के लिए भी लोगों में उत्साह देखा गया।



### लाइव टेलीकॉस्ट देखने उमड़े श्रद्धालु

अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की साक्षी बनने मंदिरों में लाइव टेलीकॉस्ट की व्यवस्था की गई थी। एलईडी टीवी और बड़े परदे पर इस समारोह को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु दोपहर 12.30 बजे तक मंदिरों में ही मौजूद रहेंगे। उसके बाद महाआरती हुई। भंडारा का भी आयोजन मंदिरों में किया गया है।



### मंदिरों में लगाए भगवा ध्वज

मंदिरों को झालरों से सजाया गया श्रीराम जानकी मंदिर, श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर सहित शारदा मंदिर, भवानी मंदिर, गंजपारा शिव मंदिर, ईमलीभाठा, बीटीआई रोड, सतबहिना मंदिर सहित मुख्यालय सहित जिले के करीब 3000 से ज्यादा मंदिरों में झंड़े और रंग बिरंगी लड़ियों वाली रोशनी की गई। हर कोई अपनी दुकानों पर और घरों के भगवा झंड़े लगाए हुए है। सराफा कारोबारियों द्वारा गांधी चौक एवं उसके आसपास भगवा झंडों एवं तोरण से सजाया गया।

# अचानक हुई बारिश से खलिहानों में रखे धान को नुकसान

## 18 हजार से ज्यादा किसान बेचने के इंतजार में, अब तक एक बार भी मौका नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीते चार दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। वहीं, रविवार को सुबह तीन बजे से बारिश का दौर शुरू हुआ, जो सुबह तक जारी रहा। इससे जहां तापमान में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। दिन भर गहरा धुंध छाया रहा, जिससे कभी भी बारिश होने का अंदेशा सताता रहा। वहीं, खलिहानों में रखे धान की सुरक्षा को लेकर किसान मशक्कत करते नजर आएं। इस बारिश ने सरकारी दर पर बेचने के लिए ढाई महीने से इंतजार कर रहे किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

जिले में रविवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि सामान्य से एक डिग्री अधिक है। सोमवार के तड़के जिले के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने से तापमान में एकाएक गिरावट दर्ज की गई। दिन भर गहरे काले बादल छाए रहे। वहीं, कई स्थानों में दिन भर बूंदाबांदी होने से ठंडी का एहसास पहले से ज्यादा महसूस किया गया। रात का तापमान में दो डिग्री गिरावट दर्ज की गई। जबकि, पिछले कुछ दिनों से ठंड का एहसास होना बंद हो गया था। रात को भी गर्मी का एहसास हो रहा था। वहीं जिले में आज का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस था, जो कि सामान्य से 5 डिग्री कम है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जैसे ही बादल छटेंगे और वातावरण से नमी कम होगी, तेज धूप के कारण दिन का तापमान बढ़ेगा और रात में पारा गिरेगा। मौसम पूरी तरह साफ होने में थोड़ा वक्त लगेगा। लालपुर मौसम केंद्र की मौसम वैज्ञानिक डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि सर्दी के मौसम में जब-जब बादल बारिश के हालात बनते हैं तब दिन और रात के तापमान में इस तरह का बदलाव आता है।



### शहर में निकाली गई भव्य बाइक रैली



**महासमुंद**। राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा पर रविवार को शहर में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। राम जानकी मंदिर से प्रारभ होकर नगर के सभी मार्गों से होते हुए गांधी चौक में समापन हुई। यह रैली का आयोजन महावीर यूथ फॉउंडेशन द्वारा किया गया। मुख्य रूप से रितेश गोलछा, विक्रम ठाकुर, देवेंद्र चंद्राकर, सौरभ मालू, तन्मय लूनिया, श्रेयांश कोटडिया, जिनेश मालू, यश लूनिया, वैभव बोथरा, जतिन रुपरेला, आदित्या जैन, सुमीत कोचर, रजत पारख, दर्शन झाबक और बढ़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

# अंडर 14 में दो खिलाड़ियों का चयन, अनमोल बनाए गए छग के कप्तान

## प्रतियोगिता में 9 मैच खेलते हुए 61 विकेट लिए और अनमोल ने 9 मैच में 523 रन बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला के प्रतिभावान क्रिकेटर आयुष द्विवेदी और अनमोल द्विवेदी का चयन 23 जनवरी से आयोजित सेंट्रल जोन राजसिंह डुंगरपुर में उत्तराखंड, विदर्भ, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की टीम भाग लेंगे। उल्लेखनीय हैं कि आयुष बाएं हाथ का स्पिन गेंदबाज हैं, जिन्होंने उक्त प्रतियोगिता में 9 मैच खेलते हुए 61 विकेट लिए और अनमोल ने 9 मैच में 523 रन बनाए, जिसके आधार पर इनका चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

उक्त प्रतियोगिता में चयनित होने पूर्व छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय चयन मैच रखा गया। जिसके पहले मैच में बस्तर के विरूद्ध खेलते हुए अनमोल द्विवेदी ने 138 गेंद खेलकर 83 रन बनाए व आयुष द्विवेदी 51 रन बनाए व टीम के लिए 2 विकेट झटके। कांकेर के विरुद्ध खेलते हुए अनमोल ने शानदार 113 रन बनाए व आयुष ने 8 ओवर में मात्र 13 रन देकर 5 विकेट लिया। कोरबा के विरूद्ध अनमोल ने 36 रन बनाए व आयुष ने मात्र 25 रन देकर 4 विकेट लिए। जशपुर के विरूद्ध खेलते हुए अनमोल ने मात्र 5 रन बनाया। आयुष ने 8 ओवर में 13 रन देकर 2 विकेट लिए, भिलाई के विरुद्ध खेलते हुए अनमोल ने 81 रन व आयुष ने दो पारियों में 12 विकेट लिए, दुर्ग के विरूद्ध खेलते हुए अनमोल ने शानदार 89 रन बनाए व आयुष द्विवेदी ने 2 पारियों में 13 विकेट लिए, बिलासपुर के विरूद्ध खेलते हुए हुए अनमोल ने मात्र 9 रन बनाए और आयुष ने कुल 11 विकेट झटके। बाद रायपुर के विरूद्ध खेलते हुए अनमोल ने 60 रन बनाए व आयुष ने दोनों पारियों में क्रमशः 6 और 2 विकेट झटके, अंतिम फाइनल मुकाबला मे अनमोल ने दो पारियों में 15 और 32 रन का योगदान दिया व आयुष ने 4 विकेट लिए। इस तरह चयन प्रतियोगिता मैच में अनमोल ने प्लेट ग्रुप में सर्वाधिक 237 रन व एलिट ग्रुप में दूसरा सर्वाधिक 286 रन बनाए। साथ ही अनमोल ने महासमुंद टीम के कप्तानी करते हुए महासमुंद को फाइनल तक लेकर गए और उपविजेता होने का गौरव हासिल किया। साथ ही उन्हें प्लेट कंबाइन टीम का भी कप्तान नियुक्त किया गया। जिसमें भी टीम उपविजेता रही। उनके नेतृत्व कौशल को देखते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ अंडर 14 टीम का कप्तान चुना गया और आयुष ने प्लेट ग्रुप मैच में दूसरा सर्वाधिक 13 विकेट व एलिट ग्रुप में सर्वाधिक 48 विकेट लिए इस आधार पर इनका चयन हुआ है। इस जीत पर उपलब्धि क्रिकेट संघ के सचिव विनोद शर्मा, अध्यक्ष शशांक मोघे, कोषाध्यक्ष सलीम कुरैशी, चयनकर्ता दिनेश, राजेश शर्मा, तुषार चौहान, आनंद कामदार, टीम के कोच एवं मैनेजर आलोक द्विवेदी, तृपेश साहू एवं शैलेश शुक्ला ने हर्ष जताया है।






## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**विशेष मुहूर्त में खरीदी करने एक दिन पहले ही सराफा बाजार और ऑटोमोबाइल में एडवांस बुकिंग**

# शहर को रोशन करने कुम्हारों ने बनाए ढाई लाख दीये पहली बार झंडे और तोरण के कारोबार ने छुआ करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा पर आज राजधानी में धार्मिक अनुष्ठान के साथ दीपावली जैसा जश्न मनाया जाएगा। अयोध्या की तर्ज पर मंदिर से लेकर घर और बाजार पूरी तरह से रामयमय हो चुका है। शहर में चारों ओर भगवा ध्वज लहरा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को गोलबाजार में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। दिनभर पूजन सामाग्री के साथ भगवान श्रीराम के नए पोशाक खरीदने बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचे। खास अवसर पर खरीदी के लिए सराफा बाजार से लेकर इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमोबाइल में एडवांस बुकिंग हुई। व्यापारियों का कहना है कि प्राण प्रतिष्ठा से बाजार एक बार फिर चढ़ा है। हरिभूमि ने बाजार का जायजा लिया तो पता चला दीपावली की तरह बाजार में बीते एक महीने में करोड़ों का लेनदेन हुआ है। 22 जनवरी को शुभ मुहूर्त मानकर लोग नए कपड़े के साथ ज्वेलरी और मोबाइल खरीद रहे हैं।*





### कुम्हारों ने दीपावली से अधिक बनाए दीये

आमतौर पर कुम्हार दीपावली के दौरान ही सर्वाधिक दीए बनाते हैं, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा में पहली बार कुम्हारों ने दीपावली से अधिक दीए तैयार किए है। कुम्हार चूड़ामणि सेन ने बताया कि पिछले दीपावली में लगभग एक लाख दीए बनाए थे, जिसमें 30 हजार दीए बचे हुए थे। प्राण प्रतिष्ठा पर सामाजिक संस्था ने सभी दीए दो महीने पहले ही खरीद लिए थे। एक महीने में ढाई लाख से अधिक दीए तैयार किए हैं, जिसमें 90 हजार से अधिक दीए बिक चुके हैं। शहर के ज्यादातर मंदिरों में 501 से लेकर 11 हजार दीए जलाए जा रहे हैं।

### मंदिरों में शुरू सुंदर कांड और रामायण पाठ शुरू

रविवार से शहर में श्रीराम और हुनमान जी के मंदिरों में सुंदर कांड और रामायण का पाठ शुरू हो चुका है। जय श्रीराम के उद्घोष गूंज रहे हैं तो राम नाम का कीर्तन किया जा रहा है। कहीं पर श्रीराम कथा सुनाई जा रही है तो कहीं पर हवन-यज्ञ किए जा रहे हैं। शहर के हर चौक-चौराहों में बने मंदिरों में राम नाम का जाप किया जा रहा है।

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पहली बार शहर में भगवा झंडे, तोरण और सजावटी सामान का कारोबार करोड़ों में पहुंच गया है। थोक कपड़ा व्यापारी पंकज वाधवानी ने बताया, बीते एक महीने में 2 लाख से भी अधिक झंडों की बिक्री हुई है। इतनी ही संख्या में तोरण बिके हैं। डेढ़ लाख से भी अधिक भगवान श्रीराम की तस्वीर वाली टी-शर्ट, कुर्ता और गमछों की बिक्री हुई है। यह पूरा कारोबार शहर में 5 करोड़ से अधिक का बताया जा रहा है। केवल झंडे का व्यापार 1 करोड़ से भी अधिक का है। बड़े व्यापारियों को 20 हजार से 50 हजार तक आर्डर मिले थे, जो लगभग पूरे बिक गए। शहर में पहली बार इसी तरह की बिक्री देखने को मिली है।

नवा रायपुर भी आज राममय होगा। इसके लिए सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक सभी चौक-चौराहों में राम भजन और राम धुन बजाई जाएगी। नवा रायपुर अटल नगर में श्रीराम भक्ति गीत और अयोध्या से कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के निर्देश दिए हैं। पर्यावरण एवं आवास मंत्री ओपी चौधरी ने आम जानता की सुविधा के लिए भव्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवा रायपुर में लगे बड़े एलईडी स्क्रीन पर भी दिखाने को रायपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ को निर्देश दिए हैं। 20 चौक-चौराहों पर स्पीकर सिस्टम इंस्टॉल किए गए हैं। इसके अतिरिक्त सात जगह भव्य साइज के एलईडी स्क्रीन भी इंस्टाल किए गए हैं।

### शासकीय कार्यालय आश्रम-छात्रावासों में मनेगा दीपोत्सव

*प्रदेश के सभी आश्रम-छात्रावासों और कार्यालयों में शंखध्वनि, घंटानाद और आरती संग दीपोत्सव मनाया जाएगा। छात्रावासों में भी टीवी-एलईडी के माध्यम से अयोध्या से सीधा प्रसारण होगा। सरकारी कार्यालयों में भी लाइव प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है।*

### एक माह में बिके 2 लाख झंडे



### चौक-चौराहों में सुनाई देगा राम भजन



### शादियों के लिए गहनों की खरीदी



रविवार को बाजार में भीड़ दीपावली के सामान रही। सराफा बाजार के व्यापारियों ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लोगों ने शादियों के लिए गहनों की खरीदारी की, तो वही ऑटो मोबाइल सेक्टर में भी लोगों ने पंसदीदा बाइक और कार की खरीदारी कर रहे हैं। हर कोई इस खास दिनों को यादगार बनाने के लिए कुछ न कुछ खरीदारी कर रहे हैं। दीपावली के सामान हजारों की संख्या में नए मोबाइल की बिक्री हुई है।

**खबर संक्षेप**

### 40 वार्डों की सफाई में झोल, कहीं 15 तो कहीं 20 कर्मचारी ड्यूटी से गोल

**रायपुर।** ठेके पर चल रही शहर की सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे है। नगर निगम के 70 वार्डों में से 40 से अधिक वार्ड ऐसे हैं, जहां निर्धारित संख्या से कम कर्मचारी फील्ड में सफाई करने पहुंच रहे हैं। 40 सफाई कर्मचारियों की जगह कहीं 15 तो किसी वार्ड में 20 सफाई कर्मचारी स्पॉट पर नजर आते हैं। जबकि नगर निगम से अनुबंधित ठेकेदार अनुपस्थित सफाई कर्मचारी के नाम पर हर महीने लाखों का भुगतान प्राप्त कर रहे हैं। इस खामी पर न जोन के अधिकारी ध्यान दे रहे, न ही मुख्यालय स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग का सिस्टम काम कर रहा है। पिछले 3 दिनों में सफाई में कोताही बरतने वाले ठेकेदारों से निगम ने 4 लाख रुपए का अर्थदंड वसूला है। केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के देशव्यापी नतीजे में सफाई के मामले में रायपुर शहर भले ही 11वें रैंक पर आया, पर धरातल पर स्थिति इसके उलट है। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा द्वारा लगातार शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद भी हालत ये है कि 10 जोन के 70 वार्डों में से 40 से ज्यादा वार्ड की सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई। सूत्रों के मुताबिक 8 ठेकेदार ऐसे हैं, जिन पर 3 बार जुर्माना लगाने के बाद भी वार्डों में पर्याप्त सफाई कर्मचारी नहीं आ रहे हैं।

### छप्पन भोग प्रसाद वितरण...



बागबाहरा। श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर स्टेशन चौक के पास पूर्व महाविद्यालय अध्यक्ष आदिकांत के नेतृत्व में युवाओं द्वारा छप्पन भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

## बिरकोनी हुआ राममय, रामजानकी मंदिर से निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को बिरकोनी के रामजानकी मंदिर में पूजा अर्चना की गई। आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने सर्वप्रथम मंदिर में ध्वजारोहण एवं कलश स्थापना व भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के धर्म विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का दिव्य अनुष्ठान मानस पाठ एवं महामंत्र जाप किया। भगवान श्रीराम का पंच अमृत से पूर्ण अभिषेक व विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। इसे लेकर क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा।

मंदिर व घरों में कई जगहों पर धार्मिक कार्यक्रम हुए। एक दिन पहले से ही मंदिर व घर के आंगन को रंग-बिरंगे फूलों, लाइटों की सजावट की गई थी। राम जानकी मंदिर के चारों तरफ भगवा झंडे से सजाया था। सुबह से लेकर शाम तक धार्मिक आयोजन का दौर चलता रहा। सनातन वैदिक धर्म के सदस्यों द्वारा ग्राम के मुख्यमार्ग से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व उनके भक्त हनुमान की वेशभूषा में बच्चों की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ। रामभक्त बैंडबाजे की धुन पर जमकर थिरकते रहे। शोभायात्रा में भगवा ध्वज लहराया गया। राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी भजन गुंजायमान रहा। वहीं रामभक्तों के नारों से पूरा वातावरण राममय रहा। शाम को ग्राम के रामायण मंडलियों द्वारा सामूहिक मानस पाठ प्रस्तुत किया गया। यज्ञ पूर्णाहुति के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का दिव्य दर्शन महाआरती के बाद सुभाष चौक, चंडी गेट व मंदिर परिषद में महाप्रसादी वितरण किया गया। शाम को बालिकाओं ने घर के आंगन व मंदिर, सार्वजनिक चबूतरा में रंगोली रोगन कर दीप प्रज्वलित किया। फटाका फोड़ के दीवाली मनाई। इस उत्सव को लेकर बच्चों ने भारी खुशी जाहिर की है। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।



## राम की भक्ति में डूबा नगर, रोशनी से जगमगाए घर व मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा पर नगर राम की भक्ति में डूबा रहा। पूरा नगर राममय हो गया। नगर में दिवाली जैसा माहौल रहा। नगर के मंदिरों, बाजार व इमारतों पर रोशनी की गई। रामध्वज घरों घर लहरा रहे हैं। मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ तो कहीं राम नाम संकीर्तन तो कहीं गायत्री महायज्ञ किए गए। विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस, बजरंग दल समेत सभी हिंदू संगठन इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने में नगर में भगवान श्रीराम विशाल भव्य शोभा यात्रा निकली गई।

हिंदू समुदाय के लोगों ने भगवान राम की तस्वीर वाले झंडे हाथ में लेकर जोर-जोर से जय श्री राम के नारे भी लगाए गए। अंचल में इस दिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर कोई जोर-शोर से अपनी तैयारी में रहा। जगह-जगह केसरिया व भगवा रंग में रंगे भगवान श्री राम व हनुमान के झंडे हाथों में लिए रहे। यहां तक अयोध्या के प्रतीकात्मक फोटो के साथ कट आउट भी नगर के कई जगह में लगाए गए। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मंदिर के उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हर हिंदू के लिए एक अविस्मरणीय दिन होगा। यही कारण है कि घर से लेकर बाजार में भी रौनक रही। नगर के जयस्तंभ चौक पर एलईडी स्क्रीन लगाए गए व लोगों को मिठाइयां खिलाई गई। अलग-अलग साइट्स पर भगवान राम इन दिनों छा गए हैं। मोबाइल भी राममय हो चुका है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप स्टेटस सहित अन्य मीडिया प्लेटफॉर्म पर जाते ही प्रभु श्री राम के दर्शन हो रहे हैं। एक से बढ़कर एक फोटो और भजन व गाने देखने और सुनने को मिल रहे हैं। नगर में भी राम भक्त भगवान राम के गानों का ही रिंगटोन व कॉलर ट्यून सुनाई दे रहा है।





### नगर के मंदिरों को भी भव्य सजाया

**सरायपाली।** अयोध्या स्थित रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर नगर के दुर्गा मंदिर एवं वन विभाग स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया।

## अयोध्या के 37 प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार किया शहर की अंतरा ने, 2 साल में जर्जर मंदिरों का बदला स्वरूप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अयोध्या के श्री राम मंदिर में आज प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। सालों पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार करने के पीछे शहर की अंतरा शर्मा का अहम योगदान रहा है। अयोध्या में दो सालों में 37 पुराने मंदिरों को मरम्मत कर उन्हें नया स्वरूप दिया है। उनका कार्य देखकर अब अंतरा को अयोध्या के 106 मंदिरों के जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी मिली है, जिसमें हनुमान गढ़ी मंदिर भी शामिल है। हरिभूमि से बातचीत में अंतरा ने बताया कि जब दो साल पहले मुझे मंदिरों का जीर्णोद्धार करने का काम मिला था, उस समय लोगों को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि मंदिर को कैसे संरक्षित किया जाएगा। 37 मंदिर पुराने और जर्जर हो चुके हैं। इन मंदिरों को प्राचीन और ऐतिहासिक रूप देने के लिए लाल पत्थरों का इस्तेमाल किया गया। मंदिर को डिजाइन पुराने अंदाज में किया गया, ताकि लोग मंदिर के इतिहास से जुड़ सकें। यह कार्य थोड़ा कठिन था, लेकिन डिजाइनिंग में हमने बहुत काम किया और अब मंदिर दर्शनीय क्षेत्र बन गया है। यहां पर्यटकों के लिए रहने और शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध है। इस कार्य के लिए यूपी सरकार ने फंडिंग दी है।



### दशरथ महल और तिवारी मंदिरों को संवारा

अयोध्या में भगवान राम और रामायण से जुड़े 37 पौराणिक मंदिर हैं, जिसमें अंतरा ने दशरथ महल और तिवारी मंदिरों को संवारने का काम किया है। उन्होंने बताया, हमारे लिए यह चुनौती थी कि मंदिर का जीर्णोद्धार इस तरह करना था कि उसकी पौराणिक और ऐतिहासिक धरोहर की पहचान बनी रहे। इसके लिए डिजाइन के साथ रंगों का प्रयोग हमें पुराने समय में किए जाने वाले मंदिरों की तर्ज पर ही किया है, ताकि लोग मंदिर के इतिहास से जुड़े सकें। इसके अलावा राम जन्मभूमि परिसर के अंदर श्री महादेव कुबेर जी, कुबेर टीला के लिए संरक्षण और शिखर डिजाइन कार्य भी किया गया है। मंदिरों का डिजाइन कार्य ट्रस्ट को भी पसंद आया है।

### 106 मंदिरों का शुरू होगा जीर्णोद्धार

अंतरा ने बताया, अयोध्या में 37 मंदिरों का मरम्मत काम पूरा होने के बाद अब 106 मंदिरों को जीर्णोद्धार करने का काम शुरू होगा। हनुमान गढ़ी मंदिर में गेट की लंबाई 10 मीटर थी, जिसे अब 21 मीटर किया जाएगा। इसे डिजाइन मैंने ही किया है। गेट की लंबाई बढ़ने से भक्तों आसानी से मंदिर में प्रवेश कर सकेंगे। लाल किला, कुतुमिरा समेत देश में प्राचीन इमारत और मंदिरों को संरक्षित करने का काम किया है। अंतरा रायपुर में श्रीराम जी के ननिहाल कौशल्या धाम के पास स्थित ग्राम टेकारी से है। पिता अरुण शर्मा एनटीपीसी के रिटायर अफसर हैं।

## खबर संक्षेप

### मुनगासेर के रामेश्वर महादेव मंदिर में की गई प्राण प्रतिष्ठा

**महासमुंद।** ग्राम मुनगासेर में रविवार को नवनिर्मित रामेश्वर महादेव मंदिर की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से निर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जय मां शारदा महिला स्व सहायता समूह द्वारा आयोजित की गई। इस दौरान पं शैलेंद्र मिश्रा, आकाश मिश्रा व त्रिभुवन मिश्रा ने विधि-विधान से पूजन कर प्राण प्रतिष्ठा की। इस दौरान समूह द्वारा गांव में शोभायात्रा निकाली गई। अंत में प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर रामायण पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान रामनाथ ठाकुर व संतोषी ठाकुर रहे। साथ में राधेश्याम साहू, संतोष निषाद, देवसिंग ध्रुवंशी, संतु निषाद, लक्ष्मी साहू, पूर्णिमा ध्रुव, राधा पटेल, बीके श्रीवास्तव, देवकी साहू व देवजानी चंद्राकर के साथ अन्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### दवा विक्रेता संघ ने वृद्धाश्रम में बांटा फल

**महासमुंद।** अयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर स्थानीय जिला दवा विक्रेता संघ के दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों को फल वितरण किया। जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष विनोद चंद्राकर, सचिव अरशी अनवर, शकील लोहानी, एजाज नकवी, दोपहर प्रतिष्ठा के मुहूर्त समय में आश्रम में रह रहे वृध्दजनों समेत 25 दिव्यांग व 25 वृध्दजनों को को फल बांटकर उनकी स्वास्थ्यगत पीड़ा भी सुनी। जिस पर संघ के सदस्यों ने रोग मुक्त व दीर्घायु के लिए कामना की।

# संगम सेवा समिति ने निकाली भव्य बाइक रैली नगर हुआ राममय, जमकर हुई आतिशबाजी

**सरायपाली।** अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को अविस्मरणीय पल का साक्षी बनने संगम सेवा समिति के सदस्यों ने ऐसे तैयारी की थी कि सरायपाली ही अयोध्या सी लगने लगी। हर गली, सड़क, चौक चौराहे हो या मार्केट भगवामय हो गया। मंदिरों और घरों को आकर्षण झालरों एवं फूलों से साज सज्जा की गई थी। जगह-जगह राम भक्ति में राम भजन होते रहे। मंदिर परिसरों में भक्ति पूर्ण विशेष आयोजन भी किए गए।



राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर नगर में सुबह गाजे बाजे डीजे की धुन पर भव्य बाइक रैली का आयोजन संगम सेवा समिति द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 1000 की संख्या में बाइक जबकि 2000 से अधिक लोग बाइक रैली में शामिल हुए। डीजे की धुन ने पूरे सरायपाली नगर को राममय बना दिया। स्थानीय जयस्तंभ चौक पर आतिशबाज़ी के साथ राम लला का स्वागत किया गया एवं बूंदी प्रसाद बांट कर उत्सव को भव्य बनाया गया। प्रसादी वितरण दिनभर चलता रहा। सरायपाली के इतिहास में पहली बार इस तरह से किसी कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाया गया है। जयस्तम्भ चौक पर लगे लाइव प्रसारण जिसका आयोजन संगम सेवा समिति द्वारा किया गया था के माध्यम से लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को देखा। यह लाइव प्रसारण सायं 6 बजे तक चलता रहा। प्राण प्रतिष्ठा के समय मानो पूरा नगर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। भगवान राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की साक्षी बनने जयस्तम चौक में लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई थी। एलइडी टीवी और बड़े पर्दे पर इस समारोह को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिरों में सुबह से ही हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड का पाठ अनिवार्य रूप से किया गया। भगवान श्रीराम की शोभायात्रा और भंडारा का कार्यक्रम भी हर मंदिरों में आयोजित हुआ। रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा पर हर घरों में दीप जलाए गए। मंदिरों में भी हजारों दीप जले। पिछले दो दिनों में ही करीब लाखों दीये बिक चुके थे। विशेष कर मंदिरों में 1000 से लेकर 21 हजार तक दीये जलाए गए।

## रंगोली में उकेरी रामसीता का चित्र...




**सरायपाली।** अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर कैलाश किराना स्टोर में मोनी ( राजेश अग्रवाल) द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली। जिसमें राम–सीताजी और अयोध्या के भव्य मंदिर को चित्रित किया गया है।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई प्रभात फेरी

## प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा, आम भंडारा का भी हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

22 जनवरी को ऐतिहासिक नगरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पुनीत अवसर पर समस्त नगरवासियों एवं रामराज परिवारों द्वारा नगर में सुबह 6 बजे से प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें महिलाएं व पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बता दें कि बागबाहरा के दुर्गा मंदिर प्रांगण में सुबह से अनवरत कार्यक्रम नगरवासियों द्वारा आयोजित की गई। नगर के लोगों द्वारा जमकर उत्साह देखने को मिला। अपने-अपने घरों में रंगोली द्वारा श्रीराम की चित्रण करवाई गई व नगर को दीपमालाओं से सुशोभित कर दीपावली की तरह मनाया गया। सर्वप्रथम सुबह 9 से कलश यात्रा दुर्गा मंदिर से आरंभ होकर बस स्टैंड से होते हुए वापस दुर्गा मंदिर पहुंची। जिसमें नगर की समस्त महिला व पुरुषों की विशाल यात्रा में शामिल हुए। 11 बजे से राम भजन कीर्तन किया गया। 12 बजे से प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की लाइव प्रसारण किया गया और श्रीराम प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। दोपहर 1 बजे से श्रीराम की महा गंगा आरती की गई। इस अवसर पर नगर में कई जगह भंडारा का आयोजन रखा गया था। इसमें समस्त श्रद्धालुजन हजारों की संख्या में प्रभु श्रीरामचंद्र के भोग प्रसाद ग्रहण किया। छप्पन भोग प्रसादी का विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। दोपहर 1:30 बजे 1992 की कार सेवकों के रूप में अयोध्या पहुंचे बागबाहरा के प्रतिष्ठित कर सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भंडारा के उपरांत नगरवासियों द्वारा भव्य बाइक रैली नगर में निकली गई। जिसमें जय श्री राम के नारे गुंजायमान रहा। नगरवासियों ने एक दूसरे को श्री राम प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा पर एक दूसरे को बधाई दी। रात्रि कालीन 7:30 पर रामचंद्र की महाआरती हुई। भजन संध्या कार्यक्रम में दिल्ली से पहुंचे जाने-माने भजन सम्राट बाबी मास्टर ने प्रस्तुति दी।



## तीन खिलाड़ियों को मिला प्राइड ऑफ नेशन के राज्य अलंकरण का मानद सम्मान

**महासमुंद।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी इकाई छत्तीसगढ़ द्वारा जंगे आजादी में छत्तीसगढ़ के अमर शहीद क्रांतिवीर गैंदसिंह के शहादत दिवस पर 21 जनवरी को प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन गोंडवाना भवन बिलाईमाता मंदिर के समीप धमतरी में रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टीकाराम सारथी, अध्यक्षता भारतीय दलित साहित्य अकादमी छग संरक्षक वाल्मीकि, अवार्डी एवं साहित्यकार भागेश्वर पात्रे राष्ट्रीय, साहित्यकार राधेश्याम कंवर, वरिष्ठ रंगकर्मी श्रीवास रहे। इस अवसर पर विजय कुमार मिर्चे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के होनहार छात्रों शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के धनंजय चेलक पिता शिवकुमार चेलक राष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी व वर्षा गजेंद्र पिता योगेश गजेंद्र तथा छात्रा डिंपल डडसेना पिता लालता प्रसाद डडसेना बसना को उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्राइड ऑफ नेशन के राज्य अलंकरण के मानद सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी के बारे में बताते हुए विजय कुमार मिर्चे (अवार्डी राष्ट्रीय डॉ एपीजे अब्दुल कलाम समता साहित्य अकादमी नई दिल्ली ) ने बताया कि विश्व रत्न, भारतीय संविधान के लेखक बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व जगजीवन राम द्वारा 1984 में दिल्ली में गठन किया गया था। अपने निर्माण वर्ष से साहित्य, कला एवं संस्कृति, शिक्षा, महिला उत्थान व सशक्तिकरण तथा अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभा को प्रत्येक वर्ष सम्मानित किया जाता है। तीनों बच्चों के इस उपलब्धि से महासमुंद जिला गौरवान्वित है।

## श्रीराम भक्ति संध्या में देर रात तक झूमे राम भक्त...



**महासमुंद।** शहर के राम जानकी मंदिर परिसर में रविवार को सराफा संघ द्वारा भक्ति गीत संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान राकेश शर्मा एवं उनकी टीम ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। बता दें कि भक्ति संध्या कार्यक्रम में देर रात तक भजन प्रेमी भक्तिरस पान में जुटे रहे वहीं बच्चे राम भजनों को थिरकने से स्वयं को नही रोक पाए। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, आनंद गिरी, महेंद्र जैन, अभय मालू, अनिल जैन सहित सराफा संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

## लाफिनकला में हर साल 22 जनवरी को होगा मड़ई का आयोजन

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से महज आठ किलोमीटर दूर स्थित ग्राम लाफिनकला में अयोध्या स्थित भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर मड़ई मेला का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम में 2021 में निर्मित भव्य श्रीराम जानकी मंदिर में विशेष हवन पूजन, भोग भंडारा, बाजे गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। संपूर्ण ग्राम को तोरण पताका से सुसज्जित किया गया। संध्या को अपने अपने घरों व मंदिर परिसर में सैकड़ों दीप प्रज्वलित किया गया। संपूर्ण ग्राम राममय रहा। वहीं 22 जनवरी को यादगार बनाए रखने ग्रामीणों ने हर साल सांस्कृतिक, धार्मिक व मड़ई मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। वहीं रात्रि में लोक संध्या रायपुर की सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। वही उपस्थित अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आयोजन की उन्मुक्त कंठ से सराहना की।

## बालिका वर्ग में कबीरधाम विजेता व महासमुंद की टीम उप विजेता

**महासमुंद।** 23वीं राज्य स्तरीय जूनियर (बालक/बालिका) बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन राजिम लोचन स्टेडियम राजिम जिला गरियाबंद में छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ एवं जिला बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वावधान में 19 से 21 जनवरी 2024 तक आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले की बालिका टीम ने फाइनल में प्रवेश कर उप विजेता बना। महासमुंद की बालिका टीम ने मुंगेली, राजनांदगांव को हराकर क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। जिसमें दंतेवाड़ा को 35-30,32-35, 35-31अंकों से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में महासमुंद ने बीएसपी को 35-30, 30-35, 35-29 अंकों से हराया। फाइनल में कबीरधाम ने 35-24, 35-19 से हराकर विजेता बना व महासमुंद उपविजेता रहा। जिले की बालिका टीम में वर्षा, रूखमणी, दामिनी, तान्या, दामिनी, टीना, लवीना, मधु, हीना व कोच सहित मैनेजर सेवन दास मानिकपुरी को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद राशि महिलांग आदि ने हर्ष जताया। राष्ट्रीय जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 14 मार्च 2024 में पटना बिहार में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले की हीना व तान्या प्रदेश की टीम में शामिल होंगे।




# इमलीभाठा में विधायक ने किया सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय वार्ड क्रमांक 10 इमलीभाठा के डॉ दीवान गली में बीते शुक्रवार को 300 मीटर सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन नवनिर्वाचित विधायक राजू योगेश्वर सिन्हा, नपाध्यक्ष राशि महिलांग व वार्ड पार्षद देवीचंद राठी ने किया। रोड निर्माण की लागत 8 लाख रुपए है।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि शहर और क्षेत्र में द्रुतगति से विकास होगा। रोड मजबूत बने, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शहर में भूमिपूजन की दृष्टि से यह पहला आयोजन है। नपाध्यक्ष राशि महिलांग ने कहा कि जरूरत के हिसाब से वार्डों में विकास कार्य जारी है। सफाई व्यवस्था को और मजबूत करना है। उन्होंने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा कि घर के कचरा को सफाई मित्र को दें। जनता को सफाई के लिए जागरूक होने की जरूरत है। पार्षद देवीचंद राठी ने बताया कि सीसी रोड निर्माण की मांग बहुत दिनों से थी, जो अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने विधायक एवं नपाध्यक्ष का ध्यान आकर्षण कराते हुए कहा कि एकता चौक से इमलीभाठा जाने का मार्ग जर्जर हो गया है। डामरीकरण का टेंडर वर्क आर्डर हो चुका है। शीघ्र की डामरीकरण की आवश्यक है।

इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष एवं सभापति पवन पटेल, पार्षदगण हफिज कुरैशी, राहुल चंद्राकर, महेंद्र सिका, पूर्व पार्षदगण सुजाता विश्वनाथन, प्रभा साहू, भाजपा शहर महामंत्री एमआर विश्वनाथन, भाजपा शहर मंडल कोषाध्यक्ष हनीष बग्गा, भाजपा नेतागण पप्पू ठाकुर, हुसैना बानो, रिंकू चंद्राकर, अल्का पुंज, पार्षद प्रतिनिधि राकेश सचदेव, पूर्व सरपंच गोविंद ठाकुर, भूखन साहू, देवकी चंद्राकर, डॉ. आशीष दीवान, पलाश यादव, मीना श्रीवस्तव, धानेश्वरी शर्मा, युवा मोर्चा रोशन बग्गा, आरव ठाकुर, जशोदा विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**//सूचना//**

**क्रमांक /1134/ तह/वा/2023**
**कोमाखान दिनांक 20.11.2023**

प्रति,
1. राजाराम पिता विश्राम जाति घसिया
2. ताराबाई पिता विश्राम जाति घसिया
3. कचरुबाई पिता सुपेत जाति घसिया सभी निवासी ग्राम मोहबा, प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. मुनगासेर, तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.)

**विषयः- पेशी तिथी में उपस्थित होने के संबंध में सूचना।**

उपरोक्त विषयांतर्गत आप सभी को सूचित किया जाता है कि, इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202302123200014/अ-27 वर्ष 2021-22 पक्षकार दुकलहीन पिता सुपेत जाति घसिया बनाम राजाराम पिता विश्राम व अन्य 03 व्यक्ति सभी जाति घसिया साकिन मोहबा, रा.नि.मं. मुनगासेर, तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.) में आवेदिका द्वारा ग्राम मोहबा, प.ह.नं. 03 रा. नि.मं. मुनगासेर तहसील कोमाखान स्थित भूमियां जो शामिलात खाता क्रमांक 251 में खसरा नंबर 482/1482/3 रकबा क्रमशः 0.130, 0.080 हे. कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.210 हे. वर्तमान पटवारी अभिलेख में खातेदार राजाराम, ताराबाई पिता विश्राम, कचरुबाई, दुकलहीन पिता सुपेत, मंगली बेवा सुपेत सभी जाति घसिया के नाम पर दर्ज एवं स्थित है। उक्त भूमियों का उभय पक्षकारों द्वारा आपसी बंटवारा किया जा चूका है। आपसी बंटवारा के अनुसार उक्त दोनों खसरा रकबा की भूमियों आवेदिका के हिस्से की भूमियां है। आपसी बंटवारा एवं काश्त कब्जा अनुसार खाता विभाजन करवाने आवेदिका द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आप सभी की उपस्थिति हेतु नियत है, तथा आगामी सुनवायी दिनांक 09.02. 2024 को नियत है। अतः उक्त संबंध में आप सभी इस सूचना प्रकाशन के माध्यम से सूचित हों की आप सभी नियत तिथी को स्वयं, अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति, अथवा अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति अथवा किसी भी प्रकार से कोई जवाब पेश करना चाहते हैं तो प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथी के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति अथवा जवाब पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनाँक 22/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा सहित जारी।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

प्रथम पुण्यतिथि



स्वर्गवास 23.01.2023
पुण्यतिथि 23/01/2024

स्व. राधेश्याम जी शर्मा
(पूर्व विधायक भाटापारा)
(पूर्व अध्यक्ष - जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर)

अंधेरों में आप एक जलती मशाल थे, मुश्किलों के वक्त हमारी ढाल थे।
सारी खुशियाँ दूसरों के हिस्से, पापा जी ! आप त्याग की इक मिसाल थे।।
सहज एवं दृढ़ पिता आप हमारे साथ सदा बने रहेंगे, मार्गदर्शित करते रहेंगे ..

आज ही के दिन हमारे पिताजी स्व. श्री राधेश्याम जी शर्मा
ब्रम्हलीन हो गये थे।
समस्त परिवारजन आपको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

श्रद्धानवत्

मुरारी लाल शर्मा(भाई)
लक्ष्मीनारायण शर्मा, अशोक शर्मा,
विजय शर्मा (भतीजे),
एवं समस्त कलावटिया परिवार
रायपुर (छ.ग.)

राजेश शर्मा (पुत्र)
पूर्व अध्यक्ष- जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक रायपुर
पूर्व सभापति जिला पंचायत रायपुर
अमित शर्मा (बंटी) (पुत्र)
पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत भाटापारा
रेणु शर्मा- राकेश शर्मा (बेटी - दामाद)
डॉ. मोना शर्मा - डॉ. सुरेन्द्र शर्मा (बेटी-दामाद)
युवराज, रघुराज (पौत्र)

## डीजे की धुन पर निकाली गई बाइक रैली







**पिथौरा।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर राम नवमी समिति पिथौरा के अध्यक्ष व समाजसेवी आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में जय राम के जयकारों के साथ पूरे पिथौरा शहर के मुख्य मार्गो में बाइक रैली सैकड़ों की संख्या में निकाली गई। बाइक रैली में डीजे की धुन में रामभक्त जश्न मना रहे। वही भव्य आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र बनी रही। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पिथौरा राम नवमी सेवा समिति के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में भगवान राम, लक्ष्मण व सीता मां के रूप में झांकी निकाली गई। दिल्ली से आए विशाल हनुमानजी आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई।

## सम्हर निकाली गई भव्य कलश यात्रा





**तेंदूकोना।** पांच सौ साल के इंतजार के बाद भगवान श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए पूरी निष्ठा, भक्ति भावना के साथ ग्राम सम्हर में जन सैलाब उमड़ा। सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाल पूरे गांव में भ्रमण किया गया। पश्चात गांव के हृदय स्थल पर स्थित भगवान रामचंद्र के मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। पिलेश्वर पटेल ने बताया कि पूरे दिन लोगो में बड़ी जोश व उत्साह रहा। इस दौरान गांव में पूरी तरह से अयोध्या के जैसा वातावरण बना रहा।



**महासमुंद।** स्थानीय अंबेडकर चौक साहू कॉफी हाउस के बाजू अयोध्या स्थित मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर सभी भक्तों एवं सभी शहरवासियों को प्रसाद वितरण किया गया। इसमें मुख्य रूप से भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष भाऊ राम साहू, मोनू, भरत, कमल यादव आदि मौजूद रहे।



**महासमुंद।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में बेलसोंडा के रेलवे फाटक के पास बजरंग बली मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मनीष कोठारी, मुकेश जैन, संजय भोजवानी, राहुल मित्तल, गजेंद्र चंद्राकर, लीलाराम साहू, व्यासनारायण दुबे, सोनू ठाकुर, विजय साहू, धीरू चोपड़ा, महेंद्र कुमार पटेल सहित रामभक्तगण उपस्थित रहे।

## पचेड़ा में निकाली गई कलश शोभायात्रा

**महासमुंद।** अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ग्राम पचेड़ा में राम भक्तों द्वारा भव्य शोभा कलश यात्रा निकाली। साथ ही हवन पूजन का कार्यक्रम रखा गया था। साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। आम भंडारा का आयोजन किया गया। शाम को रामायण मंडलियों द्वारा सुंदर कांड का पथ और श्रीराम नाम



का सवा लाख जाप किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में भक्तिमय माहौल को गांव में भी भक्तिमय बनाना। कलश यात्रा रैली में ग्राम पचेड़ा के महिला पुरुष एवं युवा उपस्थित थे। उपस्थित बुजुर्ग और ग्रामीण जनों समेत सभी ने गांववासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की है। उक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

## 25 फीट ऊंचा ध्वज लहराया



**महासमुंद।** अयोध्या में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर पंचशील क्लब के सामने 25 फीट ऊंचा भगवान ध्वज पार्षद मनीष शर्मा की उपस्थिति में फहराया गया। इस मौके पर प्रलय थिटे, प्रशांत श्रीवास्तव, सागर तंबोली, डॉ अरविंद गुप्ता, संदीप तंबोली, लाल विजय प्रताप सिंह, महेश निषाद, यतींद्र राव, कुंदन थाणेकर, कमलेश भट्ट, योजना सिंह, शिवा महंती, योगेश साहू, दुर्गा तंबोली, प्रेम वर्मा, जतिन निषाद मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान भजन टोली ने भजन और डीजे में रामधुन के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप



### पिथौरा में अधिवक्ता संघ ने बांटा प्रसाद

**सरायपाली।** अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल एवम सचिव आर के दास के नेतृत्व में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नया सिविल कोर्ट एवं बजरंग बली बस स्टैंड में प्रसाद वितरण किया गया।

### उचित मूल्य दुकानों का नवीन आबंटन

**महासमुंद।** अनुविभाग सरायपाली के अंतर्गत सहकारी समितियों द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों का समर्पण किया गया है। उक्त समर्पित ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार एवं कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा महासमुंद द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का नवीन आबंटन किया जाना है। ग्राम पंचायत बोडेसरा, कंवरपाली, नवागढ़, भीखापाली, बंदलीमाल, डूमरपाली, कलेंडा, छिबर्रा (गेर्रा), गेर्रा, सानपंधी, माधोपाली, परसकोल एवं बरिहपाली में छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के तहत विकासखंड में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुद्देशीय सहकारी समितियों से दुकान संचालन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# मड़ई मेला और भक्त गुहा जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम डूमरपाली में आयोजित मड़ई मेला और भक्त गुहा निषादराज जयंती में विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भक्त गुहा के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। ग्राम डूमरपाली में मड़ई मेला और भक्त गुहा निषादराज जयंती के साथ ही डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। विधायक यादव ने कहा कि भक्त गुहा निषाद राज महापुरुष है और ऐसे महापुरुषों का समाज को दिशा देने के लिए ही अवतरण होता है। आज हम उनके जयंती में संकल्प लें और हमारे अंदर जो भी



बुराई है उसे त्याग कर अच्छे मार्ग पर चले। संत किसी भी समाज के हो उनका कार्य देश और देश के नागरिक की दशा और दिशा सुधारना होता है। भक्त गुहा हम सब के लिए प्रेरणा है। आज भक्त गुहा निषादराज समाज के लिए गौरव है। ऐसे सहज और सरल समाज के व्यक्ति भगवान राम को भी अपने नौका में बैठने के लिए श्रद्धा भक्ति से विवश कर दिए। भक्त गुहा के बताए रास्ते पर निषाद समाज चल रहा है और सहजता और सरलता देखने को मिलती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रजत शर्मा, सेवाराम साहू, कार्तिक चक्रधारी, पन्नालाल निर्मलकर, आशाराम मोगरे, जानकी निषाद, रूपधर निषाद, चमरू दीवान, भोलाराम निषाद, सुखरू राम साहू, संतोष शर्मा, तुलसी निषाद, सीताराम साहू, जगदीश निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### मड़ई मेला में विधायक ने की शिरकत

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने ग्राम बंसुलाडबरी में आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान विधायक यादव ने ग्रामवासियों को मड़ई मेला की बधाई देते हुए कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति ही हमारी धरोहर है। मड़ई मेला भी छत्तीसगढ़ की एक धरोहर है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तेजन चंद्राकर, करतार सिंह नायक, कुमार ध्रुव, नोहर निषाद, रामलाल ठाकुर, राजेश ठाकुर, देवेंद्र साहू, करण दीवान, पूनम मानिकपुरी, ओमप्रकाश चक्रधारी सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

# स्पर्धा में पुरुष अमलीडीह और महिला वर्ग में रैताल की कबड्डी टीम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

समीपस्थ ग्राम अमलीडीह में 2 दिवसीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम अमलीडीह, द्वितीय सोनासिल्ली, तृतीय मोहदा और चतुर्थ अमलीडीह ब ने हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में प्रथम रैताल, द्वितीय कोलदा, तृतीय आमगांव और चतुर्थ पुरस्कार भानपुर ने प्राप्त किया। समापन पर समाजसेवी व अधिवक्ता आकाश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव कामगार कांग्रेस नरेंद्र सेन, भिथीडीह के सरपंच प्रतिनिधि शैलेंद्र डडसेना, अनिमेष डे, अप्पू भोई, ओम सिन्हा, देव पटेल शामिल हुए। उक्त आयोजन में पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार



11000 रुपए, द्वितीय 7001 रुपए, तृतीय 5001 रुपए और चतुर्थ 3001 रुपए एवं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 5001 रुपए, तृतीय 3001 और चतुर्थ 2001 रुपए निर्धारित किए गए थे। समापन पर फाइनल मुकाबले में विजेता टीमों को मुख्य अतिथि आकाश अग्रवाल द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। संबोधित करते अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता। समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। क्षेत्र में बहुत सी खेल प्रतिभाएं है, जो इस तरह के आयोजनों ने उभर कर सामने आती है।

# केंवट समाज महिला सशक्तिकरण का गठन, शपथ ग्रहण भी हुआ

**सरायपाली।** केंवट समाज कुडेघर के शाखा क्षेत्र धानापाली में महिला सशक्तिकरण का गठन किया गया। अध्यक्ष गुलापी बेहेरा बारडोली, उपाध्यक्ष अंजलि सेठ गनेकेरा, सचिव रजनी सेठ कोदोपाली, कार्यकारिणी सदस्य हेमकांति तरिहा, पुष्पलता महालिंग, भूमति महालिंग, पंकजनी सेठ, बिजली तरिहा, कमला बाघ, कांति साहू चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ समाज के अध्यक्ष केशव सेठ ने दिलाई। इस समारोह के मुख्य अतिथि केशव सेठ केंवट समाज के अध्यक्ष,



अध्यक्षता सुखदेव महालिंग शाखा सभापति धानापाली, विशिष्ट अतिथि के रूप में कीर्तन सेठ उपाध्यक्ष फुलझर क्षेत्र, मुरली सेठ उपाध्यक्ष कौड़िया क्षेत्र, संतलाल मांझी सलाहकार, किशोर बाघ कोषाध्यक्ष, गुरुचरण मलिक सहसचिव, वीरेंद्र पांडे सचिव, तोरेसिंहा क्षेत्र सुरेश तरिहा सचिव, महेश सेठ कार्यकारिणी सदस्य थे। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारियों के साथ ही साथ शाखा धानापाली क्षेत्र के महिला, पुरुष उपस्थित थे। मुख्य अतिथि केशव सेठ ने अपने उद्बोधन में आज तक समाज के किए गए कार्यों तथा समाज विकास में नारी शक्ति के योगदान से महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन किशोर बाघ और आभार व्यक्त सुखदेव महालिंग ने किया।



### हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण

**महासमंद।** अयोध्या धाम श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्य पर ग्राम खरोरा के हनुमान मंदिर में प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान युगल चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, संजय साहू, जय साहू, संजय चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों को नियमित शाला भेजने और प्रोत्साहित करने पर विशेष चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड बागबाहरा के प्रारंभिक स्तर के दिव्यांग बच्चों के पालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी केवल राम टंडन के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें 80-80 के बेंच में 160 अभिभावकों का प्रशिक्षण विकासखंड स्त्रोत केंद्र बागबाहरा के प्रशिक्षण कक्ष में किया गया।

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए बीआरसी केआर टंडन ने कहा कि जब तक अभिभावक अपने दिव्यांग बच्चों के साथ सामान्य बच्चों की तरह व्यवहार नहीं करेंगे तब तक उन बच्चों का मानसिक विकास नहीं होगा। ऐसे बच्चे समाज की मुख्यधारा से भी नहीं जुड़ पाएंगे।



उन्होंने अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के प्रति कर्तव्य और दायित्व का बोध कराते हुए कहा कि उनके प्रति जब तक अभिभावक व्यवहार कुशल नहीं बनेंगे तब तक उनका मानसिक व नैतिक विकास नहीं होगा। उन्होंने ऐसे बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने दिव्यांग बच्चों से सदा सहयोग एवं प्रेमवत व्यवहार करें। निःशक्त बच्चा यदि अच्छा कार्य करता है तो उसे शाबाशी दें। प्रशिक्षण के दौरान निःशक्त बच्चों में संवेदनशीलता का विकास होने, इन बच्चों के संबंध में सही समय विकसित करने व बच्चों निःशक्त संबंधी कारण, पहचान व उसके उपाय की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों को शासन मिलने वाली सुविधा, दिव्यांगता के कारण, दिव्यांगता के 21 प्रकार एवं दिव्यांगता की पहचान की जानकारी सविस्तार से बताई गई। दिव्यांग बच्चों को नियमित शाला भेजने एवं बच्चों को प्रोत्साहित किए जाने पर विशेष चर्चा की गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर स्पेशल एजुकेटर डिंपल जांगड़े एवं सहयोगी मास्टर ट्रेनर दौलत राम दीवान एवं डोमार दास वैष्णव द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। वरिष्ठ संकुल समन्वयक भूपेंद्र कुमार निराला, मोहिंदर पांड़े, दामेंद्र साहू व कमल दीवान का प्रशिक्षण में विशेष योगदान रहा।

